# ऊर्जा मंत्री ने रात में किया अस्पतालों का औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10 मई ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर देर रात अचानक निरीक्षण के लिए निकल पड़े। विद्युत उपकेन्द्र मोतीझील और बहोड़ापुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मेंटेनेंस, विद्युत सप्लाई और शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हालात सुधार लें अन्यथा अगली बार सिर्फ चेतावनी नहीं दूंगा, सीधे कार्यवाही होगी।

ऊर्जा मंत्री तोमर रात में ही अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गर्मी के बीच एसी बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन को एसी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने दो टूक कहा कि अति-संवेदनशील वार्डों में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है। उन्होंने मौके से ही अस्पताल प्रभारी डा. प्रशांत नायक को फोन लगाकर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने केवल मशीनों का ही नहीं, बल्कि मानव संसाधन का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर से सवाल किया कि रात के समय अस्पताल में कितना स्टाफ तैनात रहता है। इमरजेंसी में बैकअप की क्या तैयारी है। क्या सभी जरूरी जीवन रक्षक दवाएं स्टाक में उपलब्ध हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री ने सिविल अस्पताल एवं प्रसूति गृह बिरला नगर का भी औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और उपस्थित चिकित्सकों व स्टाफ से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने वार्डों में जाकर उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय भेंट की। उनकी कुशलक्षेम और अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जमीनी हकीकत को जाना। साथ ही ऊर्जा मंत्री ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने और मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को सुलभ, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की सेवा और उनके स्वास्थ्य के प्रति हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

बिरला नगर प्रसूति गृह से ऊर्जा मंत्री मनोरंजनालय पार्क पहुँचे यहाँ की विद्युत, लाइटिंग एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए रात्रिकालीन व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### पार्कों में देखी रात्रिकालीन व्यवस्थाएं

ऊर्जा मंत्री ने आनंद नगर स्थित बड़ा पार्क तथा शील नगर (बहोड़ापुर) स्थित डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पार्क का निरीक्षण कर रात्रिकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पार्क में प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के नाते आपके इस सेवक का यह दायित्व है कि हमारे सार्वजनिक स्थल न केवल सुंदर हों, बल्कि सुरक्षित भी हों। शनिवार रात अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि अधिकारी और कर्मचारियों की कार्य के प्रति लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अपैक्स बैंक के प्रशासक यादव ने ली सहकारी बैंकों के अधिकारियों की बैठक

### सहकारी बैंकों की मजबूती के लिये दिए दिशा-निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 मई।** सहकारी बैंकों व संस्थाओं को अधिक सक्रिय, जवाबदेह एवं किसान हितैषी बनाएं। साथ ही सभी अधिकारी विभागीय समन्वय बनाकर निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश अपेक्स बैंक के प्रशासक श्री महेंद्र सिंह यादव ने ग्वालियर व चंबल संभाग के सभी जिलों के सहकारी बैंकों के अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करें।

रविवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपेक्स बैंक के प्रशासक श्री यादव ने सहकारी संस्थाओं को किसानोपयोगी बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सदस्यता महा अभियान को और प्रभावी बनाने बनाएं। उन्होंने कहा किसानों से समन्वय बनाकर वसूली में तेजी लाकर बैंकों की स्थिति मजबूत करें, जिससे अधिक से अधिक किसानों को कृषि संबंधी प्रयोजन के लिये ऋण उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में सदस्यता महा अभियान की दैनिक प्रगति, वर्ष 2025-26 में वितरित अल्पावधि फसल ऋण की वसूली तथा खरीफ 2026 के लिए अल्पावधि फसल ऋण वितरण के लक्ष्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही जिला सहकारी बैंक की शाखाओं एवं प्राथमिक कृषि सहकारी संस्थाओं (पैक्स) के माध्यम से टर्म ऋण स्वीकृति और वितरण की स्थिति पर भी चर्चा हुई।

बैठक में पैक्स के अंतर्गत संचालित बहुउद्देशीय व्यावसायिक गतिविधियों की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धियों का आंकलन तथा समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में अपैक्स बैंक भोपाल से आए वरिष्ठ अधिकारी श्री राजकुमार गंगेले एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ग्वालियर के सीईओ श्री हिमांशु खाड़े सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के सहकारी बैंकों के अधिकारी मौजूद थे।

# सड़कों पर सुरक्षा और बढ़ेगी, एसएसपी ने यातायात व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10 मई ।** शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने आज पुलिस कंट्रोल रूम में यातायात अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक (यातायात) अनु बेनीवाल, डीएसपी यातायात अजीत सिंह चौहान सहित सभी यातायात थाना प्रभारी एवं सहायक उप-निरीक्षक स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान जिन यातायात थानों में बल की कमी पाई गई, एसएसपी ने वहां शीघ्र अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



### 'बॉडी वॉर्न कैमरा' लगाएंगे

एसएसपी ने निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए सभी यातायात पुलिसकर्मी अनिवार्य रूप से पीओएस मशीनों के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की समीक्षा की गई और तकनीकी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। माह जनवरी से अप्रैल तक की कार्यवाही का मूल्यांकन करते हुए एसएसपी ने मॉडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरतने को कहा।
अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चालानी कार्यवाही के दौरान आमजन के साथ संयम और शालीनता से पेश आएं।

# मंत्री नारायण सिंह ने प्रदान कीं 20 व्हीलचेयर व 10 वॉकर

### दिव्यांगजनों की सहायता के लिए पहल

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 मई।** सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने रविवार को जरूरतमंद दिव्यांगजनों एवं असहाय लोगों को 20 व्हीलचेयर एवं 10 वॉकर उपलब्ध कराए हैं। मंत्री कुशवाह ने समाधिया कॉलोनी स्थित अपने स्थानीय कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव को यह सामग्री सौंपी और जल्द से जल्द जरूरतमंदों तक यह सहायता उपकरण पहुंचाने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर मंत्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा जरूरतमंदों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद लोगों का जीवन सुगम, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुशवाह ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता, संवेदनशीलता और सहयोग पहुंचाने का संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### घास मंडी की पानी टंकी में सांप की सूचना निकली अफवाह

**ग्वालियर।** घास मंडी स्थित पानी की टंकी में सांप होने की सूचना पूरी तरह अफवाह थी। शरारती युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल करने के उद्देश्य से वीडियो बनाया गया था। नगर निगम कर्मचारियों ने युवकों को सांप ले जाते हुए देखा था और उन्हें मौके पर रोका भी था। जानकारी मिलते ही नगर निगम प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित क्षेत्र की पानी सप्लाई अस्थायी रूप से रोक दी गई तथा पानी की टंकी की साफ-सफाई कराई गई। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी ली। नगर निगम अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर युवकों ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और माफी मांगी।

# गंगादास की शाला में चल रहा पंच दिवसीय ज्ञानयज्ञ

### अनासक्त भाव से कर्म करना ही कर्मयोग : डॉ. तिवारी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10मई ।** भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म एवं श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य संदेश के प्रचार-प्रसार हेतु आयोजित पंच दिवसीय 'गीता ज्ञान यज्ञ' के द्वितीय दिवस में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। यह आध्यात्मिक आयोजन 9 से 13 मई 2026 तक गंगा दास की बड़ी शाला, लक्ष्मी बाई कॉलोनी, पड़ाव, लश्कर, ग्वालियर में विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कथा



व्यास डॉ. विष्णु नारायण तिवारी, गीता मनीषी एवं केन्द्रीय महामन्त्री विश्वगीताप्रतिष्ठानम् ने श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय 'कर्मयोग' की अत्यंत प्रेरणादायी एवं सरल व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से प्रतिदिन गीता स्वाध्याय करने एवं उसके संदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भक्ति एवं आध्यात्मिक भाव में डूबे दिखाई दिए।

कार्यक्रम में बीच-बीच में गीता जी के भजनों का मधुर एवं भावपूर्ण गायन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रसिद्ध गायिका डॉ. अंजना कुमारी चौहान एवं सुजाता तिवारी ने संगीतबद्ध भजनों की मनोहारी प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में केंद्रीय परीक्षा प्रमुख ब्रह्मदेवार्य शास्त्री, प्रांत संपर्क प्रमुख कालीचरण शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष इंजीनियर एस. के. गुप्ता तथा आजीवन सदस्य अलकेश त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजक पूरण बैराठी पीठाधीश्वर स्वामी श्री राम सेवक दास जी महाराज ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सपरिवार सहभागिता का आग्रह किया है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि गीता ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य समाज में नैतिकता, संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना का जागरण करना है। कार्यक्रम के जिला संयोजक अभिषेक द्विवेदी ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी दिनों में भी अधिकाधिक सहभागिता की अपील की।

# ऑपरेशन मुस्कान में नाबालिग हुई बरामद

### ग्वालियर पुलिस की बड़ी सफलता

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10मई ।** जिले में गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत हस्तिनापुर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। पुलिस ने लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया है।

हस्तिनापुर निवासी महेश बघेल नाम परिवर्तित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मई की रात उनकी नाबालिग बेटी मनीषा नाम परिवर्तित कमरे से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फरियादी ने रवि पाल नामक युवक पर शक जताया था, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अति. पुलिस अधीक्षक (पूर्व) श्रीमती विदिता डागर के मार्गदर्शन में हस्तिनापुर थाना प्रभारी देवेन्द्र लोधी की टीम ने तकनीकी सेल की मदद से भिण्ड जिले के कई गांवों में दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदेही और नाबालिग एक सफेद कार में विलारा से भयपुरा की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने भयपुरा तिराहे पर चेकिंग लगाकर घेराबंदी की और सफेद रंग की स्विफ्ट कार को रोक लिया।

# नशे के कारोबार पर सख्ती,70 लीटर कच्ची शराब जब्त

### जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10मई ।** जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करहिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने ग्राम जतरथी में दबिश देकर भारी मात्रा में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बरामद की है। इस कार्यवाही में एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। 9 मई की रात थाना प्रभारी करहिया उनि संजू सिंह यादव को सूचना मिली कि ग्राम जतरथी में कुछ लोग अवैध कच्ची शराब बेचने की फिराक में हैं। पुलिस टीम जब ग्राम जतरथी स्थित पानी की टंकी के पास पहुँची, तो वहाँ तीन व्यक्ति प्लास्टिक की केन लिए खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे।

टीम ने घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ लिया, जिसकी पहचान दिलीप उर्फ खुल्ली रावत (25 वर्ष) निवासी जतरथी के रूप में हुई। हालांकि, उसके दो साथी राजेन्द्र रावत और नीतेश रावत अंधेरे और भौगोलिक परिस्थितियों का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दो प्लास्टिक की कट्टियों (केन) में भरी 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15,000 रुपये है। आरोपी दिलीप ने कबूला कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर यह शराब बेचने की तैयारी में था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना करहिया में अपराध क्रमांक 41/26, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**फरार आरोपियों की तलाश जारी:**गिरफ्तार आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है, वहीं फरार आरोपी राजेन्द्र और नीतेश रावत की तलाश के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### अचलेश्वर मंदिर में नए नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित

**ग्वालियर।** अचलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के गर्भगृह में पीतल से निर्मित नए नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। इसका वजन लगभग 200 किलोग्राम है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, पहले भी नंदी महाराज की मूर्ति स्थापित थी, लेकिन श्रद्धालुओं की सर्वसम्मति से अब नई प्रतिमा स्थापित की गई है। इस विशेष प्रतिमा को अलीगढ़ में विशेष ऑर्डर देकर तैयार कराया गया है। नई नंदी महाराज की प्रतिमा पीतल से बनी है। प्रतिमा का वजन लगभग 120 किलोग्राम बताया गया है, जबकि अन्य सामग्री मिलाकर इसका कुल वजन करीब 200 किलोग्राम हो गया है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की वित्त वर्ष के परिणामों की घोषणा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10मई ।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के परिणामों की घोषणा की है। बैंक के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2026 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 8.5 फीसदी का लाभांश देने की अनुशंसा की है। 31 मार्च 2026 को, बैंक ने वैश्विक कारोबार के क्षेत्र में 30 लाख करोड़ रुपये के मील स्तंभ को पार कर लिया है। बैंक ने अब तक का सर्वाधिक तिमाही निवल लाभ 5,616 करोड़ दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष के लिए निवल लाभ भी 20,000 करोड़ के मील स्तंभ को पार करते हुए 20,021 करोड़ पर पहुँच गया है। तिमाही का परिचालन गत लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.5 बढ़कर 9,069 करोड़ हो गया है। वित्तवर्ष 2026 के लिए परिचालन गत लाभ 32,259 करोड़ रहा। तिमाही के लिए निवल ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 8.7 फीसदी की वृद्धि के साथ 12,494 करोड़ रही। वित्त वर्ष 2026 के लिए यह 47,682 करोड़ रही है। तिमाही के लिए परिचालन गत व्यय 7,391 करोड़ और वित्त वर्ष 26 के लिए 31,180 करोड़ रहा। आस्ति पर प्रतिफल (आरओए) लगातार 1 से ऊपर बना हुआ है और वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के लिए यह 1.15 और वित्त वर्ष 2026 के लिए 1.06 रहा। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के लिए इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) 17.27 रहा, जिसमें तिमाही दर तिमाही आधारपर 168 बीपीएस की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2026 के लिए यह 15.39 प्रतिशत रहा।

तिमाही के लिए जमाओं की लागत 4.78 रही जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 34 बीपीएस की कमी आई है। वित्त वर्ष 2026 के लिए यह वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23 बीपीएस घटकर 4.87 प्रतिशत हो गई।

वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के लिए वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन में क्रमिक रूप से 10 बीपीएस की वृद्धि हुई है और यह 2.89 रहा है। वित्त वर्ष 26 के लिए भी यह 2.89 रहा है। इस तिमाही के लिए घरेलू निवल ब्याज मार्जिन 3.08 रहा। वित्त वर्ष 26 के लिए यह 3.04 रहा है।

बैंक ने सुदृढ़ आस्ति गुणवत्ता बनाए रखी है; वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में सकल एनपीए में वर्ष-दर-वर्ष 37 बीपीएस की कमी आई है और यह 1.89 प्रतिशत रहा है। बैंक के निवल एनपीए में भी वर्ष-दर-वर्ष 13 बीपीएस की कमी आई है और वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में यह 0.45 प्रतिशत रहा है।

बैंक की बैलेंस शीट सुदृढ़ बनी हुई है, जिसका प्रावधान कवरेज अनुपात टीडबल्यूओ के साथ 93.94 प्रतिशत और टीडबल्यूओ के बिना 76.66 है।

# आचार्य पुलक सागर का 56 वां अवतरण दिवस मना




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10 मई ।** ग्वालियर के दानाओली स्थित जायसवाल जैन मंदिर में आचार्य पुलक सागर जी महाराज का 56वां अवतरण दिवस रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय पुलक सागर जन चेतना मंच, शाखा युवा प्रकोष्ठ दानाओली के तत्वावधान में आयोजित यह समारोह पिछले 17 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को जीवंत करते हुए संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 10:00 बजे चित्र अनावरण के साथ हुई, जो सोनागिर कमेटी के महामंत्री बालचंद जैन द्वारा संपन्न किया गया। इसके पश्चात राजेश जैन एवं सुधा जैन ने दीप प्रज्वलन कर मांगलिक शुरुआत की। भक्तिमय वातावरण के बीच गणेश जैन और नमन जैन ने शांतिधारा की। इस दौरान पक्षियों के लिए 'दाना-पानी' अभियान भी चलाया गया, जो आचार्य के जीव दया के संदेश को प्रसारित करता है। तीन दिवसीय इस उत्सव के क्रम में प्रथम चरण में समाज के लिए प्रीतिभोज एवं जरूरतमंदों के लिए अन्नदान जैसे सेवा कार्य किए गए।

आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि आज सोमवार को सिम्स हॉस्पिटल में प्रसादी वितरण एवं स्वर्ग सदन में वृद्धजनों को ससम्मान भोजन कराया जाएगा। इस अवसर पर संयोजक मनोज जैन, अध्यक्ष वल्लभ जैन, मंत्री गणेश जैन सहित क्षेत्रीय कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।



आचार्य पुलक सागर जी का जीवन ही परोपकार का पर्याय है। दानाओली युवा प्रकोष्ठ पिछले 17 वर्षों से निरंतर उनके अवतरण दिवस पर सेवा के प्रकल्प चला रहा है। हमारा उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि अन्नदान और दीन-दुखियों की सेवा के जरिए उनके आदर्शों को समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाना है।

**मनोज जैन, संयोजक ,**
**शाखा युवा प्रकोष्ठ, दानाओली**



आचार्य पुलक सागर जी के 56वें अवतरण दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। भक्ति के साथ-साथ सामाजिक सरोकार हमारे केंद्र में हैं। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के बाद अब हम अस्पताल में प्रसादी और वृद्धाश्रम में सेवा कार्य करेंगे, ताकि इस पावन दिवस की खुशियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक साझा की जा सकें।

**वल्लभ जैन, अध्यक्ष,**
**शाखा युवा प्रकोष्ठ, दानाओली**



# इसरो में चयनित होने पर निपुण गुप्ता सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 10मई ।** शहर के जाने-माने होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ निरुपम गुप्ता और डॉ. शोभना गुप्ता के सुपुत्र निपुण गुप्ता का भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थान इसरोमें बतौर साइंटिस्ट के रूप में चयनित होने पर ग्वालियर के प्रमुख समाजसेवियों और इष्ट मित्रों ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया.. जिसमें निपुण गुप्ता के इसरो में चयनित होने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। टायकून क्लब के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में क्लब के संस्थापक डॉ.अनिल शर्मा के अलावा डॉ निरुपम गुप्ता, शिव मोहन अग्रवाल , अनूप साहू, मनोज गर्ग, मनोज अग्रवाल, अजय शर्मा, प्रमोद पसरीचा एवं सामाजिक कार्यकर्ता और जाने माने पत्रकार जावेद खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। टायकून क्लब की ओर से ग्वालियर की होनहार प्रतिभा के रूप में निपुण गुप्ता को उनके पिता की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95